>

Title : Need to ensure transparency in transportation of Coal from Central Coalfields Limited collieries.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** सैंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के विभिन्न रेलवे साइडिंगों में निजी रेलवे रैक से प्रतिमाह हजारों टन कोयले की ओवरलोडिंग से सीसीएल और रेलवे को करोड़ों रूपये का नुकसान हो रहा है। तभी हाल में सीसीएल के ढोरी क्षेत्र के एसडीक्यू 3 तारमी रेलवे साइडिंग में एक निजी रेलवे रैक के 33 बाक्स वैगन में मात्रा से अधिक कोयले की लदाई का मामला उजागर हुआ है। इनमें लगभग 100 टन से अधिक कोयला तारमी साइडिंग से अनलोड किया गया। उक्त कोयला नैनी (इलाहाबाद) के लिए निजी रेल वैगन से ढोरी साइडिंग से चला और स्थानीय लोगों की सूचना पर तारमी रेलवे साइडिंग में अधिक वजन के कारण अनलोड किया गया।

अतः सरकार ऐसी घटनाओं की भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने हेतु सीसीएल और रेलवे में कोयले के प्रबंधन के कार्य में पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाए जाने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने की व्यवस्था करें।